दिनांक : 28.01.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री आज 38वें राष्ट्रीय खेलों का देहरादून में करेंगे उद्घाटन।
- निवेशकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से जापान की चार दिन की यात्रा पर टोक्यो पहुंचे मुख्यमंत्री।
- प्रयागराज महाकुंभ में मोनी अमावस्या के अवसर पर होने वाले अमृत स्नान के लिए तैयारियां जारी।
- भारत-इंग्लैंड के बीच पांच मैचो की श्रृंखला का तीसरा टी-ट्वेंटी क्रिकेट मैच आज राजकोट में खेला जाएगा।

प्रधानमंत्री-राष्ट्रीय खेल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज उत्तराखंड के देहरादून में 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन समारोह में केंद्रीय मंत्री, भारतीय ओलंपिक संघ और राष्ट्रीय खिलाड़ियों सहित विभिन्न अतिथि शामिल होंगे। राष्ट्रीय खेल अगले महीने की 14 तारीख तक उत्तराखंड के 8 जिलों के 11 शहरों में आयोजित किये जा रहे हैं। इस दौरान 35 खेलों की कुल 47 स्पर्धाएं होंगी। इनमें करीब 10 हजार से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

मध्यप्रदेश के 331 खिलाड़ी 25 खेलों में चुनौती पेश करने जा रहे हैं। इस बीच कल प्रदेश के लिए पहला पदक ट्राईथलान टीम इवेंट में आया, प्रदेश के खिलाड़ियों ने सिल्वर पदक जीता। ट्राईथलॉन की स्पर्धाएं राष्ट्रीय खेल की औपचारिक शुरुआत के दो दिन पहले ही प्रारंभ हो गई है।

प्रधानमंत्री-उत्कर्ष ओडिशा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह भुवनेश्वर के जनता मैदान में उत्कर्ष ओडिशा-मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री इसी महीने में दूसरी बार ओडिशा दौरे पर जा रहे हैं। 9 जनवरी को प्रवासी भारतीय दिवस समारोह के दौरान वे राज्य के दौरे पर थे। ओडिशा सरकार की ओर से आयोजित उत्कर्ष ओडिशा प्रमुख वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन है। इसका उद्देश्य केन्द्र के पूर्वोदय दृष्टिकोण के साथ-साथ ओडिशा को देश में अग्रणी निवेश गंतव्य और औद्योगिक केंद्र के रूप में स्थापित करना है।

मुख्यमंत्री-जापान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में निवेशकों को आमत्रंण देने के उद्देश्य से जापान के टोक्यो शहर पहुंच गये हैं। यहां उनका स्वागत भारत के राजदूत सीबी जार्ज ने किया। मुख्यमंत्री आज टोक्यों में कई महत्वपूर्ण बैठकों में हिस्सा लेंगे जिनमें वह औद्योगिक संस्थानों और निवेशकों के समूह से चर्चा करेंगे। वह सभी को भोपाल में 24-25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए आमंत्रित करेंगे। जापान को समिट के लिये पार्टनर कंट्री बनाया है। मुख्यमंत्री जापान के 3 शहरों में निवेशकों से वन-टू-वन चर्चा करेंगे।

पद्म श्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारत भवन के रूपांकर विभाग के निदेशक एवं आर्ट डिजाइनर हरचंदन सिंह भट्टी के हर्ष वर्धन नगर स्थित निवास पर पहुंचकर कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए प्रतिष्ठित सम्मान पद्मश्री के लिए उनका नाम घोषित होने पर बधाई और शुभकामनाएँ दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पद्मश्री पाने वाली विभूतियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। इस पुरस्कार को लेकर हरचंदन सिंह भट्टी ने केंद्र सरकार का आभार जताया और कहा कि कलाकार का जीवन हमेशा कला से जुड़ा हुआ होता है।

ट्रांसफर- आईएएस

प्रदेश सरकार ने कल रात 42 आईएएस अफसर के तबादले किए हैं। इनमें 12 जिलों के कलेक्टर को बदला गया है। वर्तमान में मुख्यमंत्री के सचिव पदस्थ, भरत यादव को प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम भोपाल बनाया गया है। इसी तरह गुना, खरगोन, डिंडौरी, सीहोर, सतना, बड़वानी, टीकमगढ़, रायसेन, खंडवा, श्योपुर, देवास और बुरहानपुर जिले के कलेक्टर के तबादले किए गए हैं।

महाकुंभ-स्वास्थ्य सेवाएं

प्रयागराज महाकुंभ में 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था की गई है। हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि परेड ग्राउंड स्थित केंद्रीय अस्पताल, किसी भी स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है।

यूनियन कार्बाइड

यूनियन कार्बाइड के कचरे को पीथमपुर में जलाने को लेकर जनमानस की भ्रांतियां दूर की जा रही हैं। इंदौर संभागायुक्त दीपक सिंह ने कहा है कि इस कचरे से जनता को कोई खतरा नहीं है। उन्होंने कहा कि इस कचरे को 40 साल से ज्यादा हो गए हैं। इसमें मिट्टी, केमिकल के जो अवशेष हैं उसका प्रभाव पूरी तरह खत्म हो गया है। उन्होंने बताया कि जनसंवाद के माध्यम से 10 हजार से ज्यादा लोगों कचरा निष्पादन के संदर्भ में जानकारी दी जा चुकी है। संभागायुक्त कल इंदौर प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कचरा जलाने की मॉनिटरिंग केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा की जाएगी। प्लांट के आसपास पूरे क्षेत्र में भी जल, वायु की निरंतर मॉनिटरिंग की जाएगी।

जनकल्याण कार्यक्रम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में 11 दिसंबर से 26 जनवरी तक चलाए गए मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के उद्देश्यों और उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वे उन्होंने कहा कि हमारी सरकार डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान की मूल भावना और महात्मा गांधी के समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण की चिंता के अनुरूप कार्य कर रही है। इस अभियान के माध्यम से हमने जन-जन तक पहुँचकर उनकी समस्याओं का समाधान किया और विकास की धारा को और अधिक मजबूत किया है। अभियान का कल समापन हुआ। इस अवसर इंदौर में मीडिया से चर्चा में उन्होंने बताया कि 63 प्रकार की योजनाओं पर घर-घर सम्पर्क किया गया। बड़े पैमाने पर 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि केन्द्र और प्रदेश सरकारे विशेष पिछड़ी जनजातियों को प्राथमिकता के साथ लाभान्वित कर रही है। अभियान के द्वारा सहरिया, बैगा एवं भारिया विशेष पिछड़ी जनजातीय बसाहटों में सड़क, बिजली, पानी, स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्र जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल कल रायसेन जिले के जनमन ग्राम चिलवाहा में ग्रामीणों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनजातीय ग्रामों के लिए मोबाईल मेडिकल वैन उपलब्ध कराई गई है, जिसमें स्वास्थ्य जांच और इलाज की सुविधाएं उपलब्ध है।

टी-ट्वेंटी भारत-इंग्लैंड

क्रिकेट में, वर्तमान श्रृंखला के तीसरे टी-ट्वेंटी अंतरराष्ट्रीय मैच में आज भारत का सामना इंग्लैंड से होगा। यह मैच गुजरात में राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में शाम 7 बजे से खेला जाएगा। सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में भारतीय टीम पांच मैचों की श्रृंखला में दो-शून्य से आगे है।

अंडर-19 महिला विश्व कप क्रिकेट

अंडर-19 महिला विश्व कप क्रिकेट प्रतियोगिता के सुपर सिक्स चरण के अंतिम मैच में आज पिछले विजेता भारतीय टीम का सामना स्कॉटलैंड से होगा। यह मैच मलेशिया में क्वालालंपुर के बायुएमास ओवल मैदान में खेला जाएगा। ग्रुप ए से ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 महिला टीम के साथ भारतीय टीम पहले ही इस प्रतिय़ोगिता के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। सेमीफाइल मैच शुक्रवार को खेले जाएंगे।

समाचार संक्षेप में .....

खंडवा के जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कसरावद के शासकीय माध्यमिक शाला में मध्यान्ह भोजन के बाद कुछ बच्चों का स्वास्थ खराब हुआ। इसके बाद भोजन बनाने वाली स्वसहायता समूह को तत्काल हटा दिया गया है।

कटनी में कल जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र कार्यालय, सिविल लाइन में महापौर प्रीति संजीव सूरी ने एडिप योजनान्तर्गत चिन्हित दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण का वितरण किये।

संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा गणतंत्र दिवस पर आयोजित अभिलेखीय विरासत पर आधारित 6 दिवसीय दुर्लभ अभिलेखों एवं छायाचित्रों की प्रदर्शनी का आयोजन आज से 02 फरवरी तक केन्द्रीय संग्रहालय इंदौर में किया जा रहा है।

मध्यप्रदेश के खरगोन में कोतवाली पुलिस ने आज महाराष्ट्र के जलगांव निवासी तीन युवकों को भारी मात्रा में अवैध रूप से निर्मित हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर उनका पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है।

भोपाल में चल रहे लोकोत्सव 'लोकरंग' में आज विभिन्न राज्यों के लोकनृत्यों की प्रस्तुति होग। लोकरंग कार्यक्रम 30 जनवरी तक रवीन्द्र भवन परिसर, भोपाल में आयोजित किया जा रहा है।

झाबुआ में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के समापन समारोह में विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को कलेक्टर नेहा मीना ने लाभ प्रदान किये।

-------